हिंदी विश्वविद्यालय के रिध्दपुर केंद्र पर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र रिध्दपुर पर आज बुधवार 21 जून 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उपस्थिति सभी ने भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विविध प्रकार के योगासन किए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में रिद्धपुर केंद्र के शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने सहभागिता की।

सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्वज्ञान अध्ययन केंद्र रिध्दपुर पर आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के अवसर पर प्रशिक्षक श्री मोहनराव देशपांडे ने सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत उपस्थिति सभी के लिए योगासन के प्रात्यक्षिक प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राणायम कर सभी ने नियमित योगासन करने का संकल्प किया। योग दिवस कार्यक्रम में रिद्धपुर केंद्र के प्रभारी डॉ राजेश लेहकपुरे, सहायक प्रोफेसर श्री धर्मेन्द्र शंभरकर, श्री सारंग विरुळकर, श्री वैभव राखुंडे, श्री घनश्यामजी वाघमारे एवं श्री प्रज्वल पंजाबी की उपस्थिति थी।